RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India


FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

कहना माना आपका, बढ़ जायेगी आय।
लेकिन खर्चा और भी, बढ़ जाता है हाय।
बढ़ जाता है हाय, और भी ज्यादा खर्चा।
खर्चे की भी करें, मित्रवर थोड़ी चर्चा।
कह साहिल कविराय, बड़ा मुश्किल है सहना।
अब क्या आगे कहें, यही है अपना कहना।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 30 | WEDNESDAY 11-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



# 243 घण्टे का अखण्ड महायज्ञ

## 11 फरवरी से 21 फरवरी 2026

| शुभ आरम्भ<br>आज 11 फरवरी<br>दोपहर 3 बजे | पूर्णाहुति<br>21 फरवरी<br>सांय 8 बजे |
|---|---|

## माँ बगलामुखी धाम

सिंगला इन्क्लेव, पक्खोवाल रोड
(शहीद करतार सिंह सराभा मार्ग), लुधियाना



महंत प्रवीण चौधरी



LIVE TELECAST

/maabaglamukhidham /maabaglamukhi.dham @maabaglamukhidham

साप्ताहिक यज्ञ - प्रत्येक वीरवार - सांय 7 बजे से

Celebrate your Birthday
or Anniversary with UTURN TIME
in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
*T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# सीएम नायब सिंह सैनी: पेंशन पर विपक्ष फैला रहा भ्रम

चंडीगढ़, यूटर्न, 10 फरवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पेंशन को लेकर विपक्ष भ्रामक प्रचार कर रहा है, जबकि डबल इंजन सरकार हर गरीब तक सीधा लाभ पहुंचा रही है। हरियाणा निवास में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी की पेंशन नहीं काटी गई है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस और इनेलो के कार्यकाल में पेंशन में नाममात्र बढ़ोतरी हुई, जबकि भाजपा सरकार ने 11 साल में 2200 रुपये की वृद्धि की है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में देश की सबसे अधिक वृद्धावस्था पेंशन दी जा रही है। साथ ही 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। सीएम ने पंजाब सरकार पर भी पेंशन को लेकर वादे पूरे न करने का आरोप लगाया।

# पीयू के सैंटर फॉर दी स्टडी ऑफ सोशल इन्क्लूजन ने डॉ. मनीष कुमार को किया सम्मानित

## प्राचार्य पद पर नियुक्ति के लिए मिला सम्मान



पंजाब, यूटर्न, 10 फरवरी। पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के सैंटर फॉर दी स्टडी ऑफ सोशल इन्क्लूजन के द्वारा डॉ. मनीष कुमार को महाराज बी.जी गवर्नमेंट कॉलेज, पोझेवाल, जिला नवांशहर, पंजाब में प्राचार्य पद पर नियुक्त होने पर सम्मानित किया गया। उनकी यह नियुक्ति पंजाब लोक सेवा आयोग के माध्यम से हुई है। डॉ. मनीष कुमार लंबे समय से सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ सोशल इन्क्लूजन से जुड़े रहे हैं और सैंटर में पीएचडी पर्यवेक्षक के रूप में कार्य कर चुके हैं। उनके मार्गदर्शन में कई शोधार्थियों ने अपना शोध कार्य पूर्ण किया है, जबकि अनेक शोधार्थी वर्तमान में उनके निर्देशन में शोध कर रहे हैं। मीडिया को जानकारी देते हुए सेंटर के स्टूडेंट प्रेस रिपोर्टर एवं राजनीति विज्ञान विषय में पी.एच.डी स्कॉलर सरताज सिंह ने बताया कि प्राचार्य पद पर नियुक्ति के लिए सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. मनीष कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ सोशल इन्क्लूजन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व का विषय है। डॉ. मनीष कुमार ने कहा कि सी.एस.एस.आई से उनका लंबे समय से जुड़ाव रहा है और यहां का शैक्षणिक वातावरण और शोधार्थी हमेशा उन्हें प्रेरित करते रहे हैं। उन्होंने इस सम्मान के लिए केंद्र के सभी शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विभाग के निदेशक प्रो. वीरेंद्र नेगी, प्रो. इमैनुएल नाहर, पूर्व निदेशक, सी.एस.एस.आई, पीयू, प्रो. हरिश ठाकुर, प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला, डॉ. कमला, डॉ. कंचन चंदन, अकादमिक सचिव, सी.एस.एस.आई, पीयू सहित केंद्र के स्टाफ सदस्य एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।



# 35 फुट सड़क विवाद पर गरमाया रविंद्रा एनक्लेव, प्रशासन पर उदासीनता के आरोप

## 10 हजार की आबादी एक ही रास्ते पर निर्भर, 35 फुट सड़क परकब्जे का आरोप, 35 फुट सड़क नहीं खुली तो आंदोलन करेंगे रविंद्रा एनक्लेव के लोग

जीरकपुर, यूटर्न, 10 फरवरी। बलटाना स्थित रविंद्रा एनक्लेव में 35 फुट चौड़ी सड़क को लेकर चल रहा विवाद अब गंभीर होता जा रहा है। करीब 10 हजार की आबादी वाली इस कॉलोनी के निवासियों का कहना है कि फिलहाल उनके पास आवागमन के लिए केवल एक ही मुख्य रास्ता है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में बड़ी परेशानी खड़ी हो सकती है। कॉलोनीवासियों के अनुसार सरकार की ओर से रविंद्रा एनक्लेव के लिए एक वैकल्पिक सड़क स्वीकृत की गई थी, लेकिन अब एक जमीन मालिक द्वारा उस स्वीकृत मार्ग की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है और स्थिति लगातार तनावपूर्ण होती जा रही है। निवासियों ने बताया कि उन्होंने 4 फरवरी 2026 को नगर परिषद जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी परविंदर सिंह भट्टी को इस संबंध में लिखित शिकायत दी थी। इसके बाद 6 फरवरी को एसडीएम डेराबस्सी को भी मामले से अवगत कराया गया।

एसडीएम द्वारा कार्यकारी अधिकारी को मौके पर जाकर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासन से निराश होकर कॉलोनीवासियों ने 9 फरवरी को डीएसपी जीरकपुर को भी लिखित शिकायत सौंपी, लेकिन वहां से भी कोई राहत नहीं मिली। आखिरकार लोगों ने एडीसी मोहाली को ज्ञापन सौंपकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही 35 फुट सड़क को खुलवाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वे अपने हक की लड़ाई के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि संभावित खतरे को देखते हुए मामले का शीघ्र समाधान किया जाए।

# 47 लाख की लागत से जीरकपुर को मिली चार अत्याधुनिक डीसिल्टिंग मशीनें, अब बिना जान जोखिम में डाले होगी गटर-सीवर की सफाई

जीरकपुर, यूटर्न, 10 फरवरी। शहर की सफाई व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और प्रभावी बनाने की दिशा में नगर परिषद जीरकपुर ने एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। परिषद को करीब 47 लाख रुपये की लागत से चार अत्याधुनिक ग्रैब बकेट डीसिल्टिंग मशीनें प्राप्त हुई हैं। इन मशीनों के शुरू होने से अब सीवरेज और गटर की सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों को जान जोखिम में डालकर गटरों के भीतर उतरने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।
नगर परिषद के सीवरेज विभाग के जेई सवनीत सिंह ने बताया कि समय के साथ तकनीक को अपनाना बेहद जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि यह दौर ऑटोमैटिक सिस्टम का है और मैनुअल सफाई से होने वाले खतरों को देखते हुए नगर परिषद ने तकनीक आधारित समाधान को अपनाया है। इन मशीनों से सफाई कार्य अधिक सुरक्षित, तेज और वैज्ञानिक तरीके से किया जाएगा। तेजी से विकसित हो रहे जीरकपुर शहर में आबादी बढ़ने के साथ-साथ सीवरेज सिस्टम पर दबाव भी लगातार बढ़ रहा है। कई क्षेत्रों में नालों और गटरों में सिल्ट जमा होने से जलभराव और गंदगी की समस्या सामने आती रही है। मैनुअल सफाई के दौरान कर्मचारियों को जहरीली गैसों, संकरे स्थानों और दुर्घटनाओं का गंभीर खतरा रहता था। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद ने आधुनिक डीसिल्टिंग मशीनों की खरीद का निर्णय लिया।




### क्या है ग्रैब बकेट डीसिल्टिंग मशीन और कैसे करती है काम ?

ग्रैब बकेट डीसिल्टिंग मशीन एक विशेष मैकेनिकल सिस्टम है, जिसे क्रेन या हाइड्रोलिक वाहन के साथ जोड़ा जाता है। इसके आगे लगा ग्रैब बकेट सीवर या नाले में जमा गाद, कीचड़, प्लास्टिक, पॉलीथीन और अन्य ठोस कचरे को पकड़कर बाहर निकालता है। पूरी प्रक्रिया मशीन के जरिए होती है, जिससे मानव हस्तक्षेप बेहद कम हो जाता है और सफाई कार्य सुरक्षित व वैज्ञानिक ढंग से पूरा होता है।

### शहरवासियों को मिलेगा सीधा फायदा

इन मशीनों के संचालन से सीवरेज व्यवस्था मजबूत होगी, दुर्गंध और गंदगी की समस्या में कमी आएगी और शहर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार होगा। स्थानीय निवासियों को बेहतर ड्रेनेज सिस्टम और साफ-सुथरा वातावरण मिलेगा। नगर परिषद का यह कदम न केवल तकनीकी उन्नति का प्रतीक है, बल्कि यह सफाई कर्मचारियों के सम्मान और सुरक्षा के प्रति संवेदनशील सोच को भी दर्शाता है।
जीरकपुर अब पारंपरिक व्यवस्था से आगे बढ़ते हुए आधुनिक और सुरक्षित सफाई प्रणाली की ओर कदम बढ़ा चुका है, जो आने वाले समय में अन्य नगर निकायों के लिए भी मिसाल बन सकता है।

### ग्रैब बकेट डीसिल्टिंग मशीन के प्रमुख फायदे

सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित
तेज और प्रभावी सफाई व्यवस्था
जलभराव की समस्या में कमी
आधुनिक और पारदर्शी कार्यप्रणाली
दीर्घकालिक आर्थिक लाभ
स्वच्छ भारत मिशन को मजबूती

4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



पंजाब BJP के सीनियर नेता एवं पूर्व उट कैप्टन अमरेंदर सिंह फोर्टिस हॉस्पिटल में भर्ती,घुटनों के सर्जरी के लिए हॉस्पिटल में हुए भर्ती , मंत्री अनिल विज ने की मुलाकात

VOL: 11 | ISSUE 30 | WEDNESDAY 11-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# वॉर्ड 56 में बाहुबली राजनेता की शह पर अवैध इमारतों का निर्माण जारी, ट्रस्ट अधिकारी कार्रवाई के लिए 5 महीने में 4 किमी. की दूरी नहीं कर सके तय

लुधियाना/यूटर्न/10 फरवरी। लुधियाना में जहां एक तरफ नगर निगम के अधीन आते इलाकों में जमकर इललीगल इमारतें बन रही हैं। वहीं इस अवैध कार्य में लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट भी पीछे नहीं है। दरअसल, वॉर्ड नंबर 56 में लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की जमीनों पर धड़ल्ले से इललीगल बिल्डिंगें बन रही है। पिछले पांच महीने में यह मामला कई बार मीडिया द्वारा सुर्खियों में लाया गया।

लेकिन फिर भी ट्रस्ट के चेयरमैन और अन्य अधिकारी एक्शन नहीं ले पा रहे हैं। एक्शन लेना तो दूर की बात वॉर्ड में और ज्यादा अवैध इमारतों का निर्माण शुरू कर दिया गया है। हैरानी की बात तो यह है कि 5 महीने से लगातार अवैध निर्माण का मुद्दा उठने के बावजूद पांच महीने में चार किलोमीटर की दूरी भी ट्रस्ट अधिकारी तय नहीं कर सके हैं। यह अवैध कार्य पूरे शहर को दिख रहा है, लेकिन अधिकारी आंखें बंद करके बैठे हैं। चर्चा है कि उक्त निमार्णो के पीछे एक बाहुबली नेता की छत्रछाया है। जिसकी अधिकारियों के साथ अच्छी सेटिंग है। इसी के चलते एक्शन नहीं हो पा रहा।







## बाहुबली नेता ने बनवा डाली ३० से ३२ अवैध इमारतें

चर्चा है कि एसबीएस नगर के एक बाहुबली राजनेता की तरफ से ट्रस्ट को गुमराह करके 30 से 32 इललीगल इमारतें बनवा दी गई है। कई इमारतें तो मेन पक्खोवाल रोड पर पड़ती है। जिसे देख कोई भी बता देगा कि यह सरेआम नियमों का उल्लंघन है। लेकिन बार बार यह मामले चेयरमैन तरसेम सिंह भिंडर के ध्यान में आने के बावजूद उनकी तरफ से एक्शन नहीं लिया जा रहा है। जिसके चलते चचाएं हैं कि आखिर ऐसा क्या गोलमाल है कि अधिकारी एक्शन नहीं ले पा रहे।

## बाहुबली नेता अक्सर अधिकारियों संग मीटिंग करते दिखा

वहीं चर्चा है कि इन अवैध निमार्णों संबंधी कई बार पंजाब सरकार और ट्रस्ट को शिकायतें हो चुकी है। लेकिन बाहुबली राजनेता और अधिकारियों द्वारा इस तरीके से सेटिंग कर रखी है कि वह हर मामले को जुबानी और दस्तावेजी तरीके से घुमाकर पेश करके गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि इसी की आड में अंदरखाते जमकर चांदी कुट रहे हैं। चर्चा है कि उक्त बाहुबली अधिकारी को आए दिन ट्रस्ट की बिल्डिंग में अलग अलग अधिकारियों के साथ मीटिंग करते भी देखा जाता है।

## अधिकारियों को दी गई वार्निंग

वहीं चचाएं हैं कि वॉर्ड 56 के निवासियों द्वारा लगातार मंत्री को इन अवैध निमार्णों को लेकर शिकायतें की जा रही थी। जिसके चलते मंत्री की और से ट्रस्ट के सभी अधिकारियों के साथ मीटिंग की। जिसमें उन्होंने वार्निंग दी है कि इन अवैध निमार्णों पर तुरंत एक्शन लेते हुए उन्हें रोका जाए। वॉर्ड वासियों को किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए।

## दो दिन पहले नई बिल्डिंग बननी शुरु

ट्रस्ट द्वारा पुरानी इमारतों पर एक्शन लेना तो दूर की बात है, चर्चा है कि दो दिन पहले भी वॉर्ड 56 में एक नई बिल्डिंग का निर्माण शुरू किया गया है। उक्त बिल्डिंग की आप पार्टी वर्करों द्वारा मंत्री संजीव अरोड़ा और लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन को रिपोर्ट दी गई है। जिसके चलते अब देखना होगा कि क्या इस मामले में एक्शन होगा या नहीं।

# मोहाली के सरकारी नशा छुड़ाऊ केंद्र में तनाव, 40 मरीजों की भागने की कोशिश, स्टाफ के विरोध के बाद पुलिस पहरा सख्त

मोहाली, यूटर्न, 10 फरवरी। सेक्टर-66 स्थित सरकारी नशा मुक्ति केंद्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब करीब 40 मरीजों ने एक साथ केंद्र से भागने का प्रयास किया। अचानक हुए इस हंगामे से स्टाफ में दहशत फैल गई, हालांकि समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया गया और कोई भी मरीज फरार नहीं हो सका। घटना के बाद केंद्र का स्टाफ अपनी सुरक्षा को लेकर धरने पर बैठ गया।

कर्मचारियों का कहना था कि उनकी जान को लगातार खतरा बना हुआ है और मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था नाकाफी है। स्टाफ के विरोध को देखते हुए प्रशासन ने नशा छुड़ाऊ केंद्र की सुरक्षा बढ़ाने का फैसला लिया है। अब यहां छह पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे, जो सुबह और शाम की शिफ्ट में ड्यूटी देंगे। इससे पहले केवल एक-एक पुलिसकर्मी ही प्रत्येक शिफ्ट में तैनात था।

सूचना मिलते ही डीएसपी सिटी-2 हरसिमरन सिंह बल और थाना फेज-11 के एसएचओ अमन बैदवान मौके पर पहुंचे और स्टाफ से बातचीत की। अधिकारियों ने कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए आश्वासन दिया कि पुलिस की तैनाती तुरंत प्रभाव से बढ़ाई जाएगी। स्टाफ का कहना है कि पहले नशा मुक्ति केंद्र में वे ही मरीज भर्ती होते थे, जो अपनी मर्जी से नशा छोड़ना चाहते थे। उन्हें दवाइयों और काउंसलिंग के जरिए इलाज दिया जाता था। लेकिन अब पुलिस द्वारा जबरन पकड़े गए मरीजों को भी यहां रखा जा रहा है, जिससे अनुशासन और सुरक्षा को लेकर गंभीर चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब केंद्र में इस तरह की स्थिति बनी हो। जून 2025 में तेज आंधी-तूफान और ब्लैकआउट के दौरान 23 मरीज खिड़की तोड़कर फरार हो चुके हैं। इसके अलावा दो महीने पहले तीन मरीजों ने भागने की कोशिश की थी, जिन्हें सुरक्षा गार्डों ने रोक लिया था। वहीं सितंबर 2025 में दो मरीजों ने पहले गाड्र्स के साथ मारपीट की और बाद में अन्य साथियों के साथ मिलकर उन पर जानलेवा हमला भी किया था। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं के बाद प्रशासन ने केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का निर्णय लिया है, ताकि स्टाफ और मरीजों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



# HC ने बठिंडा प्लॉट केस में मनप्रीत बादल को रेगुलर बेल दी

नवीन गोगना

चंडीगढ़, 10 फरवरी, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने सोमवार को BJP नेता और पंजाब के पूर्व फाइनेंस मिनिस्टर मनप्रीत सिंह बादल को चर्चित बठिंडा प्लॉट केस में रेगुलर बेल दे दी। इससे पहले, हाई कोर्ट ने अक्टूबर 2023 में बठिंडा जिले में एक प्रॉपर्टी खरीदने से जुड़ी कथित गड़बड़ियों के सिलसिले में मनप्रीत बादल को अंतरिम एंटीसिपेटरी बेल दी थी।

मामले में आगे की सुनवाई के बाद, कोर्ट ने अब रेगुलर बेल कन्फर्म कर दी है। मनप्रीत बादल पर 24 सितंबर, 2023 की FIR नंबर 21 में मामला दर्ज किया गया था, जो बठिंडा के विजिलेंस ब्यूरो पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी। यह केस प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट, 1988 (जैसा कि 2018 में बदला गया) के सेक्शन 13(1)() के साथ सेक्शन 13(2) के तहत, साथ ही इंडियन पीनल कोड के सेक्शन 420, 409, 467, 468, 471 और 120-इ के तहत रजिस्टर किया गया था। इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट, 2000 के सेक्शन 66(उ) और 66(ऊ) के तहत भी चार्ज लगाए गए थे। यह मामला एक जमीन के प्लॉट की खरीद में कथित गड़बड़ियों से जुड़ा है, जिससे राज्य में राजनीतिक और कानूनी बहस छिड़ गई थी। रेगुलर बेल मिलने से मनप्रीत बादल को काफी राहत मिली है, हालांकि मामले में जांच कानून के मुताबिक जारी रहने की उम्मीद है।



# पंचकूला पुलिस बनी उम्मीद की रोशनी, अंधेरे रास्ते पर लगवाई सोलर एलईडी लाइट्स

## बरवाला क्षेत्र में त्रिलोकपुर चौक से छोटा त्रिलोकपुर (7 किलोमीटर) मार्ग के ब्लैक स्पॉट्स पर स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था



पंचकूला, यूटर्न, 10 फरवरी। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्ट के माध्यम से यह संज्ञान में आया कि रायपुररानी क्षेत्र में त्रिलोकपुर चौक से गाँव छोटा त्रिलोकपुर तक लगभग 7 किलोमीटर लंबे मार्ग पर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था के अभाव में रात्रि के समय घना अंधेरा बना रहता है, जिसके कारण लगातार सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई थी। रात के समय पैदल चलने वाले लोग सबसे अधिक खतरे में रहते हैं। कई दुर्घटनाओं में समय पर सहायता न मिल पाने के कारण लोगों की जान भी जा चुकी है। अंधेरे की वजह से दुर्घटना के बाद घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाना भी कठिन हो जाता है।

उक्त समस्या की गंभीरता को समझते हुए पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए प्रशासनिक प्रक्रियाओं के इंतजार की बजाय अपने स्तर पर पहल करते हुए आमजन के लिए उम्मीद की रोशनी बनकर कार्य किया। थाना सूरजपुर की टीम द्वारा एसआई अभिषेक के नेतृत्व में अपने स्तर पर दर्जन भर LED स्ट्रीट लाइट्स उपलब्ध करवाई गई, जिन्हें दुर्घटना संभावित मुख्य कट, मोड़ों एवं चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर स्थापित किया गया, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सके।

गौरतलब है कि इस संबंध में संबंधित विभाग पीडब्ल्यूडी व अन्य संबंधित विभागों को भी पूर्व में पत्राचार किया गया था, किंतु उनके स्तर पर अभी तक स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं हो पाई थी। ऐसे में पुलिस द्वारा की गई यह पहल क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत साबित हुई है।

सोलर लाइट्स की स्थापना के दौरान सूर्य की रोशनी को ध्यान में रखते हुए, पेड़ों के बीच स्थित खंभों पर पर्याप्त प्रकाश सुनिश्चित न हो पाने की स्थिति में सपोर्ट (सफेदों) की सहायता से सोलर लाइट्स लगाई गई, जिससे अधिकतम रोशनी सुनिश्चित की जा सके और मार्ग को सुरक्षित बनाया जा सके। इस अवसर पर एसीपी ट्रैफिक सुरेंद्र सिंह भी मौके पर मौजूद रहे।

### डीसीपी ट्रैफिक एवं क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन का संदेश

'पंचकूला पुलिस का उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है। जहां भी सड़क दुर्घटनाओं की संभावना होती है, वहां पुलिस अपने स्तर पर हर संभव प्रयास करती है। यह पहल समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी और जनसुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।' पंचकूला ट्रैफिक पुलिस की इस सराहनीय पहल से न केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद जगी है, बल्कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास भी और अधिक मजबूत हुआ है। अंधेरे में डूबी सड़क पर जब पुलिस ने स्वयं रोशनी जलाई, तो यह सिद्ध हुआ कि पंचकूला पुलिस केवल कानून की ही नहीं, बल्कि जनसेवा की भी सशक्त प्रहरी है।

# क्या यूके को अपना पहला मुस्लिम पीएम मिल सकता है? स्टारर के एपस्टीन स्कैंडल के बीच शबाना महमूद फोकस में

चंडीगढ़/यूटर्न/10 फरवरी। यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टारर पर इस्तीफा देने का दबाव बढ़ रहा है। यह विवाद यूएस में ब्रिटिश राजदूत रहे पीटर मैंडेलसन को अपॉइंट करने और बाद में हटाने के उनके फैसले पर हुआ है। पीटर मैंडेलसन दिवंगत सेक्स अपराधी जेफरी एपस्टीन के करीबी सहयोगी थे। जब स्टारर अपनी लीडरशिप को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो उनके चीफ ऑफ स्टाफ और सबसे करीबी सहयोगी मॉर्गन मैकस्वीनी के इस्तीफे से संकट और गहरा गया है। मॉर्गन मैकस्वीनी ने मैंडेलसन की नियुक्ति में अपनी भूमिका को लेकर इस्तीफा दे दिया था। इसके तुरंत बाद प्रधानमंत्री के कम्युनिकेशन चीफ टिम एलन के जाने से यह उथल-पुथल और बढ़ गई। असहमति कम होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है, इसलिए इस बात पर अटकलें लगने लगी हैं कि अगर स्टारर की स्थिति और कमजोर होती है तो उनका संभावित उत्तराधिकारी कौन हो सकता है। जिन नामों पर जोर दिया जा रहा है उनमें होम सेक्रेटरी शबाना महमूद का नाम भी शामिल है। अगर महमूद को टॉप पोस्ट पर प्रमोट किया जाता है, तो वह यूके की पाकिस्तानी मूल की पहली प्राइम मिनिस्टर और इस ऑफिस में बैठने वाली पहली मुस्लिम महिला बनकर इतिहास रच देंगी।



### शबाना महमूद के बारे में और जानें?

महमूद, जो 2010 से बर्मिंघम लेडीवुड से टढ हैं, उन्हें लेबर पार्टी की सबसे काबिल और राजनीतिक रूप से समझदार हस्तियों में से एक माना जाता है। एक ट्रेंड बैरिस्टर, वह उस साल लेबर की पहली मुस्लिम महिला टढ२ में से एक के तौर पर पार्लियामेंट में आईं और पार्टी में तेजी से ऊपर उठीं, अपने पार्लियामेंट्री करियर की शुरूआत में ही शैडो कैबिनेट में जगह बनाइ□इन सालों में, उन्होंने शैडो जस्टिस सेक्रेटरी और शैडो एजुकेशन सेक्रेटरी सहित कई सीनियर फ्रंटबेंच रोल निभाए हैं, और पार्टी के अंदर एक स्थिर, अनुशासित आवाज के तौर पर नाम कमाया है।

*महमूद ने सबसे ज्यादा डिमांड वाले कामों का चार्ज संभाला...पिछले साल लेबर के सत्ता में लौटने के बाद 2025 में होम सेक्रेटरी नियुक्त की गईं, महमूद ने सरकार में सबसे ज्यादा डिमांड वाले कामों में से एक का चार्ज संभाला है, जिसमें पुलिसिंग, नेशनल सिक्योरिटी, इमिग्रेशन और पब्लिक ऑर्डर की देखरेख शामिल है। बर्मिंघम में पाकिस्तानी इमिग्रेंट माता-पिता के घर जन्मी महमूद अक्सर अपनी ब्रिटिश मुस्लिम पहचान, अपनी वर्किंग क्लास में परवरिश और अपनी पॉलिटिकल जर्नी को बनाने में एजुकेशन की अहम भूमिका के बारे में बात करती रही हैं।*

**इमिग्रेशन पर कड़ा रुख...**हालांकि, हाल के सालों में, उन्होंने इमिग्रेशन पर काफी कड़ा रुख अपनाया है। पिछले हफ्ते ही, उन्होंने परमानेंट सेटलमेंट राइट्स में बदलाव के विरोध के बीच लेबर सरकार के प्रपोजल्स को फेयर बताया था। होम अफेयर्स कमेटी के सामने पेश होते हुए, महमूद ने कहा कि यूके में सेटलमेंट एक प्रिविलेज है, राइट नहीं, और कहा कि यह अजीब होगा कि ब्रिटेन देश में काम करने के लिए सबसे अच्छे और होशियार लोगों को अट्रैक्ट करने की कोशिश न करे।

# जगरांव में गुंडागर्दी का तांडव: कुक्कड़ चौक पर सरेआम मारपीट, दहशत में बंद हुए दुकानों के शटर

चरणजीत सिंह चन्न





जगरांव/यूटर्न/10/फरवरी। जगरांव शहर के सबसे व्यस्त कुक्कड़ चौक बाजार में मंगलवार की देर शाम उस वक्त सनसनी फैल गई, जब करीब 20-25 युवकों ने एक दुकान पर धावा बोलकर जमकर उत्पाद मचाया। सरेआम हुई इस गुंडागर्दी के कारण बाजार में दहशत का माहौल बन गया और देखते ही देखते दुकानदारों ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए।

**घटना का विवरण:** प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात करीब 8:30 बजे हमलावर युवक बाजार में स्थित एक दुपट्टा स्टोर पर पहुंचे। उन्होंने वहां काम करने वाले एक युवक को खींचकर बाहर निकाला और बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। जब पीड़ित को बचाने के लिए उसका भाई और चाचा आगे आए, तो हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की।

**दुकानदार का पक्ष:** दुकान मालिक ने बताया कि हमलावरों ने युवक पर लड़की से छेड़छाड़ का आरोप लगाया और बिना कुछ सुने ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस पथराव में एक युवक का सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

**पुलिस की कार्रवाई:** सूचना मिलते ही थाना सिटी के अरकरणधीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया: ₹हमें कुक्कड़ चौक पर झगड़े की सूचना मिली थी। एक युवक घायल है जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घायल के बयान दर्ज करने अस्पताल जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अमृतसर में पाक-आईएसआई समर्थित आतंकी साजिश नाकाम, आरडीएक्स आधारित आईईडी के साथ युवक गिरफ्तार



अमृतसर, यूटर्न, 10 फरवरी। पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने की मुहिम के तहत पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर ने पाकिस्तान की आईएसआई समर्थित आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए आरडीएक्स आधारित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राहुल कुमार उर्फ गज्जू निवासी चमरंग रोड, अमृतसर के रूप में हुई है, जो एक सैलून में सहायक के तौर पर काम करता था। डीजीपी ने बताया कि आरोपी पाकिस्तान स्थित विदेशी हैंडलरों के संपर्क में था और उनके निदेर्शों पर काम कर रहा था। उसने शहर के बाहरी इलाके से आईईडी की खेप प्राप्त की थी। पुलिस के अनुसार पहचान से बचने के लिए आईईडी में धातु की बजाय पीवीसी पाइप की केसिंग का इस्तेमाल किया गया था। एआईजी एसएसओसी सुखमिंदर सिंह मान ने बताया कि आरोपी एन्क्रिप्टेड मोबाइल ऐप्स के जरिए अपने विदेशी हैंडलर से संपर्क में रहता था और वर्ष 2022 में उसके संपर्क में आया था। इस संबंध में थाना एसएसओसी अमृतसर में एफआईआर नंबर 08 दिनांक 09.02.2026 को विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, आर्म्स एक्ट और बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे जांच जारी है।


पेज 08 पंजाबी वीजा किंग का कनाडा में लग्जरी शो...

# बनूड़ में अमूल गोदाम की चेकिंग, 2000 पैकेट कथित गौ मांस बरामद होने का दावा, जांच के आदेश








अजीत झा
चंडीगढ़, यूटर्न, 10 फरवरी। राजपुरा के नजदीक कस्बा बनूड़, चंडीगढ़ रोड पर स्थित अमूल कंपनी के गोदाम में गौ रक्षा दल के राष्ट्रीय प्रधान सतीश कुमार, दविंदर सिंह राजपूत (हाईकोर्ट वकील) तथा थाना बनूड़ के एसएचओ गुरसेवक सिंह की अगुवाई में गोदाम की चेकिंग की गई। इस दौरान लगभग 2000 पैकेट मिलने की बात कही जा रही है। एक पैकेट का वजन लगभग 50 किलो बताया गया है, जिनमें गौ मांस होने का दावा किया जा रहा है। मौके पर सतीश कुमार (गौ रक्षा दल), दविंदर सिंह राजपूत (एडवोकेट) और एसएचओ बनूड़ आकाशदीप शर्मा ने पत्रकारों को जानकारी दी। यह गोदाम पूरी तरह एसी है, जहां यह सामान पत्रकारों को दिखाया गया। गौ रक्षा दल के राष्ट्रीय प्रधान सतीश कुमार ने पत्रकारों को बताया कि अमूल के गोदाम में लगभग 2000 पैकेट, प्रत्येक करीब 50 किलो वजन के, गौ मांस के पड़े हैं। उन्होंने कहा कि इनके खिलाफ बनती कानूनी कार्रवाई करवाई जाएगी। दविंदर राजपूत, वकील हाईकोर्ट चंडीगढ़, ने कहा कि बड़ी मात्रा में करीब 2000 पैकेट, प्रत्येक 50 किलो वजन के, गौ मांस के मिले हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कानूनी कार्रवाई करवाई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं है। पुलिस थाना बनूड़ में इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाई जाएगी और गोदाम को बंद करने तथा मैनेजर और फैक्टरी मालिकों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की जाएगी। फैक्टरी मैनेजर विकास ने पत्रकारों को बताया कि उनके पास लाइसेंस है और यह अमूल कंपनी का अधिकृत कटिंग/प्रोसेसिंग कार्य है। उनका कहना था कि उनका कोई बिक्री संबंधी काम नहीं है। उन्होंने अपना लाइसेंस मौके पर वकील दविंदर सिंह राजपूत को दिखाया। इस दौरान बहस भी हुई। एसएचओ बनूड़ आकाशदीप शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि अमूल कंपनी के गोदाम में गौ रक्षा दल द्वारा जिन पैकेटों की जांच की गई है, उन्हें डॉक्टरों की टीम से भी जांच करवाया जाएगा। जो भी रिपोर्ट आएगी, उसके आधार पर बनती कार्रवाई की जाएगी।

# नशा मुक्ति से सियासी मिशन तक: फिरोजपुर पदयात्रा में दिखा 2027 का रोडमैप





पंजाब, यूटर्न, 10 फरवरी। पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीति की दिशा तय करने वाले संकेत अब जमीनी कार्यक्रमों में साफ नजर आने लगे हैं। फिरोजपुर में नशामुक्ति के संदेश के साथ निकाली गई पदयात्रा केवल सामाजिक अभियान नहीं रही, बल्कि इसमें पंजाब की आगामी सियासी रणनीति की झलक भी दिखाई दी। पदयात्रा का नेतृत्व पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने किया, जबकि उनके साथ डेरा ब्यास प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों और भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा की



मौजूदगी ने कार्यक्रम को राजनीतिक रूप से बेहद अहम बना दिया। सारागढ़ी गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेकने के बाद शुरू हुई इस पदयात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। राज्यपाल कटारिया ने कहा कि नशा पंजाब की पीढ़ियों को खोखला कर रहा है और इसे रोकने के लिए सरकार, समाज और संत संस्थाओं को एकजुट होना होगा। अश्विनी शर्मा ने इसे पंजाब के पुनर्निर्माण का मिशन बताया। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह पदयात्रा केवल नशामुक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि 2027 के चुनाव से पहले भाजपा-अकाली गठबंधन की संभावनाओं को भी मजबूत संकेत दे रही है। डेरा ब्यास जैसे प्रभावशाली धार्मिक संगठनों की मौजूदगी से यह संदेश गया है कि भाजपा पंजाब में भावनात्मक, सामाजिक और राजनीतिक तीनों मोर्चों पर नई रणनीति बना रही है। फिरोजपुर की यह पदयात्रा अब पंजाब की राजनीति में एक बड़े विजन की शुरूआत के तौर पर देखी जा रही है, जिसमें नशामुक्ति के जरिए सत्ता तक पहुंचने का रोडमैप तैयार किया जा रहा है।

# भारत सबसे बड़ी आर्म्स डील साइन करने के लिए तैयार: 3.25 लाख करोड़ रुपये में 114 राफेल फाइटर जेट



चंडीगढ़/यूटर्न/10 फरवरी। इंडियन एयर फोर्स के मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट प्रोग्राम के लिए 114 फ्रांस में बने राफेल फाइटर जेट खरीदने के लिए 3.25 लाख करोड़ रुपये की डील को डिफेंस मिनिस्ट्री इस हफ्ते मंजूरी दे सकती है फ्रांस के प्रेसिडेंट इमैनुएल मैक्रों के दिल्ली दौरे से कुछ दिन पहले, सूत्रों ने बताया। मंजूरी मिलने के बाद, यह डील न केवल भारत का अब तक का सबसे बड़ा वेपन एग्रीमेंट होगा, बल्कि इसमें भारत में कुछ संख्या में, लगभग 100, मैन्युफैक्चर करने का प्रोविजन भी शामिल होगा, जिसमें हाई-ग्रेड फाइटर जेट टेक का ट्रांसफर और 'मेक इन इंडिया' प्रोग्राम को बढ़ाने के लिए एक स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप शामिल होगी। और, एक बार कन्फर्म होने के बाद, यह डील राफेल के सबसे बड़े नॉन-फ्रेंच ऑपरेटरों में से एक के तौर पर भारत के स्टेटस को भी दिखाएगी। राफेल एक ट्विन-इंजन, मल्टी-रोल फाइटर जेट है जिसे दुनिया के सबसे खतरनाक फाइटर जेट में से एक माना जाता है और यह एयर सुपीरियरिटी और सटीक स्ट्राइक मिशन को अंजाम देने के लिए जाना जाता है।

## भारत के पास पहले ही 36 राफेल

भारत के पास पहले से ही 36 राफेल हैं एयर फोर्स ने दिसंबर 2024 में आखिरी 'सी' वेरिएंट की डिलीवरी ली थी और 63,000 करोड़ रुपये की डील में 26 नेवल वेरिएंट, 'एम' वर्जन का ऑर्डर दिया है। उस डील में चार ट्विन-सीट ट्रेनर की खरीद और एमआरओ, या मेंटेनेंस, रिपेयर, ओवरहॉल एग्रीमेंट के तहत फ्लीट मेंटेनेंस, लॉजिस्टिक्स सपोर्ट और पर्सनल ट्रेनिंग की सुविधा शामिल थी। पिछले साल अप्रैल में यह रिपोर्ट किया गया था कि डिलीवरी 2030 तक होने की संभावना है। एम वर्जन राफेल को एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पर तैनात किया जाएगा। डिलीवर किए गए 'सी' वर्जन जेट्स को अंबाला में नंबर 17 स्क्वाड्रन, यानी गोल्डन एरो, और बंगाल के हासीमारा में नंबर 101, यानी फाल्कन्स के बीच बांटा गया है।

## राफेल का भारत में लड़ाई का अनुभव

IAF फाइटर्स पहले भी लड़ाई देख चुके हैं; उन्होंने पिछले साल मई में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत के मिलिट्री जवाब ऑपरेशन सिंदूर और लद्दाख में हिस्सा लिया था। माना जाता है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तैनात राफेल्स ने SCALP लॉन्च किया था, जो एक एयर-लॉन्च्ड क्रूज मिसाइल है जिसे 250˄ से ज्यादा दूर मुश्किल टारगेट पर बहुत सटीकता से हमला करने के लिए डेवलप किया गया है, और इसका इस्तेमाल इराक युद्ध और लीबिया सहित दुनिया भर में कई लड़ाइयों में किया गया है।

# विश्वास फाउंडेशन द्वारा 100 टीबी से ग्रस्त मरीजो के लिए प्रोटीनयुक्त पोषक डाइट दी गई



पंचकूला, यूटर्न, 10 फरवरी। स्टेट टीबी ऑफिसर राजेश राजू व सीएमओ मुक्ता कुमार की अध्यक्षता में विश्वास फाउंडेशन द्वारा गुरुदेव श्री विश्वास जी के आशीर्वाद से 100 टीबी से ग्रस्त मरीजों के लिए प्रोटीन युक्त पोषण डाइट दी गई। डिटीओ संदीप छाबड़ा द्वारा सभी सदस्यों का आभार जताते हुए टीबी मुक्त अभियान के लिए एक सराहनीय कदम बताया। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि यह पोषण डाइट के 20 पैकेट यूडी 19, जीडी 11 में 7 पैकेट, जीडी 12ए में 12 पैकेट, जीडी 21 में 8 पैकेट दिए गए, जीडी 7 में 4 पैकेट, जीडी 8 में 5 पैकेट, जीपीसी 26 में 10 पैकेट, एएएम नाड़ा की डिस्पेंसरी में 2 पैकेट, पीएचसी ओल्ड पंचकूला में 10 पैकेट, एमडीसी 4 में 10 पैकेट व एएएम सकेतड़ी में 12 पोषण किट मरीजों के लिए दिए गए।

## Happy Birthday



Sumer Uppal

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Presumption of Innocence: हर आरोपी को निर्दोष क्यों माना जाता है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

अक्सर किसी व्यक्ति के गिरफ़्तार होते ही समाज उसे दोषी मान लेता है। मीडिया ट्रायल, सोशल मीडिया टिप्पणियाँ और सार्वजनिक राय जल्दी बना ली जाती है। लेकिन कानून इस जल्दबाजी से सहमत नहीं है। आपराधिक न्याय प्रणाली का एक बुनियादी सिद्धांत है—Presumption of Innocence यानी जब तक अपराध साबित न हो जाए, तब तक हर व्यक्ति निर्दोष माना जाएगा।

इस सिद्धांत का अर्थ यह नहीं है कि अपराध को हल्के में लिया जाए। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी व्यक्ति को केवल आरोप या शक के आधार पर सजा न मिले। कानून मानता है कि आरोप लगाना आसान है, लेकिन उसे साबित करना ज़िम्मेदारी का काम है। यही वजह है कि अभियोजन पक्ष पर Burden of Proof रखा गया है, न कि आरोपी पर।

Presumption of Innocence अदालत की सोच का आधार बनता है। जमानत, ट्रायल और सजा—हर चरण में यह सिद्धांत काम करता है। यदि इसे न माना जाए, तो हर आरोपी को पहले दोषी मान लिया जाएगा और फिर उसे खुद को निर्दोष साबित करना पड़ेगा, जो न्याय के मूल विचार के खिलाफ है।

यह भी समझना जरूरी है कि Presumption of Innocence का मतलब यह नहीं कि आरोपी को कोई नियम न मानना पड़े। उसे जांच और ट्रायल में सहयोग करना होता है, लेकिन उसे तब तक अपराधी नहीं कहा जा सकता, जब तक अदालत सबूतों के आधार पर ऐसा न कह दे।

कानून इस सिद्धांत को इसलिए मजबूती से थामे रहता है, क्योंकि इतिहास ने दिखाया है कि बिना इस सुरक्षा के निर्दोष लोगों के साथ गंभीर अन्याय हो सकता है।

निष्कर्ष : Presumption of Innocence न्याय की आधारशिला है। यह आरोपी को नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था को संतुलित बनाता है। जब तक दोष सिद्ध न हो, तब तक निर्दोष माना जाना—यही वह सिद्धांत है जो कानून को भीड़ की सोच से अलग करता है।

# मां बगलामुखी धाम में 243 घंटे का आखंड महायज्ञ आज से

## वैदिक मंत्रो व शंखनाद के साथ होगा आखंड महायज्ञ का शुभारंभ : महंत प्रवीण चौधरी जी





Stock exchange Ludhiana




District bar asso



लुधियाना, यूटर्न, 10 फरवरी। पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में महंत प्रवीण चौधरी जी के सान्धिय में आज 11 फरवरी से 243 घंटे का आखंड महायज्ञ का शुभारंभ विद्वान ब्राह्मणो की तरफ से उच्चारित वैदिक मंत्रो व शंखनाद के साथ होगा। सर्वप्रथम मां कंजक पूजन कर मां बगलामुखी का विधिवत पूजन किया जाएगा । मां बगलामुखी का आलौकिक शिंगार कर विशेषरूप से तैयार पीले रंग की विशेष वेशभूषा मां बगलामुखी को अर्पित की जाएगी । उपरोक्त जानकारी महंत प्रवीण चौधरी जी ने अखंड महायज्ञ की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए दी । महंत प्रवीण चौधरी जी ने कहा कि अखंड महायज्ञ की सभी तैयारियां मुक्कमल हो चुकी है । देश भर से पधारा संत समाज व लाखों भक्त 243 घंटे का आखंड यज्ञ के साक्षी बनेगें । हवन के लिए साम्रगी निशुल्क धाम की तरफ से दी जाएगी । महंत प्रवीण चौधरी जी ने दिया देशवासियों को दिया आखंड यज्ञ का खुला निमंत्रण देते हुए कहा कि 24 घंटे धाम के सेवादार भक्तों की सेवा में उपस्थित रहेगें । वही धाम के सेवकों की तरफ से आखंड महायज्ञ के दौरान खूनदान करके सामाजिक सेवा का दायित्व निभाया जाएगा । मुख्य सेवादार मनप्रीत छतवाल ने कहा कि तिलक लगाकर भक्तो का भव्य स्वागत होगा । महायज्ञ में प्रतिदिन स्कूली बच्चे आहूतिया डालकर मां बगलामुखी का आशीर्वाद प्राप्त करेगें । बच्चों की तरफ से मां बगलामुखी चालीसा के पाठ का उच्चारण किया जाएगा । मां बगलामुखी के भक्तों को प्रार्थना करते उन्होने कहा कि मां बगलामुखी धाम पधारने वाले भक्त धर्म व धाम की मयार्दा अनुसार आखंड महायज्ञ में उपस्थित होकर मां बगलामुखी का आशीर्वाद प्राप्त करें । इस अवसर पर सेवक नवनजोत छतवाल,कर्ण शांडिल्या,सुनील महाजन,रमन घई,जतिन्द्र सूद ने बताया कि आखंड महायज्ञ में देश व पंजाब की खुशहाली के लिए संयुक्त रूप से प्रार्थना की जाएगी वही देश भर के प्रसिद्ध भजन गायक मां बगलामुखी की महिमा का गुणगान करेगे । इस अवसर पर मोहित सूद,राणा रणजीत सिंह,दिनेश रल्ली,वरूण जैन,प्रशोतम चौधरी,बौबी मक्कड,गुनीत खेड़ा,गौतम सचदेवा,नरेन्द्र महाजन,राज सोंलकी,गौरव कालिया,परमवीर सिंह,अर्जुन होरा,चेतन टंडन,इकबाल सिंह,वरुण दत्त,अजय जैन, राहुल व अन्य भी उपस्थित थे ।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### मैं वो समझदार हूँ जिसे पता है किसने मुझे कितना बेवकूफ बनाया।

जीवन में अनुभव ही सबसे बड़ा शिक्षक होता है। कई बार हम लोगों पर भरोसा करते हैं, उनके शब्दों पर यकीन करते हैं और दिल से रिश्ते निभाते हैं। लेकिन हर व्यक्ति हमारी सच्चाई और भावनाओं को नहीं समझता। कुछ लोग हमारे भरोसे काफायदा उठा लेते हैं। पहले हमें यह समझ नहीं आता कि हमारे साथ क्या हो रहा है, लेकिन समय के साथ सच्चाई सामने आ जाती है। समझदार वही होता है जो अपनी गलतियों से सीख लेता है। अगर किसी ने हमें बेवकूफ बनाया, तो इसका मतलब यह नहीं कि हम सच में बेवकूफ हैं। इसका मतलब यह है कि हमने भरोसा किया, जो कि एक अच्छी बात है। असली समझदारी तब होती है जब हम उस अनुभव से सीखकर आगे बढ़ते हैं और दोबारा वही गलती नहीं करते। इतने अनुभवों के बाद हमें पता होना चाहिए कि हमें किस पर भरोसा करना है और किससे दूरी बनानी है। जिंदगी हमें हर दिन कुछ नया सिखाती है। मजबूत वही बनता है जो गिरकर उठनासीखता है। समय बीतने के साथ हमें पहले से ज्यादा समझदार बनना है, क्योंकि अब हमें लोगों की पहचान करना आ गया है और हमें खुद की कद्र करनी आ गई है।

# लोकसभा में गूंजी चंडीगढ़ की पेड पार्किंग, तकनीक और पारदर्शिता पर सरकार से मांगा गया जवाब

अजीत झा

चंडीगढ, यूटर्न, 10 फरवरी। चंडीगढ़ में पेड पार्किंग व्यवस्था को आधुनिक बनाने का मुद्दा सोमवार को लोकसभा में उठा। चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी ने नगर निगम की पार्किंग परियोजना, उसके तकनीकी स्वरूप, क्रियान्वयन में देरी और राजस्व से जुड़े सवाल केंद्र सरकार के समक्ष रखे। इस पर गृह मंत्रालय की ओर से केंद्रीय राज्य मंत्री ने सदन में स्थिति स्पष्ट करते हुए सरकार का पक्ष रखा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि चंडीगढ़ प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार 27 जनवरी 2026 से शहर



के सभी पेड पार्किंग स्थलों पर एकल पार्किंग पास प्रणाली लागू कर दी गई है। नगर निगम ने पार्किंग व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए डिजिटल भुगतान, इलेक्ट्रॉनिक रसीद, रियल टाइम मॉनिटरिंग और केंद्रीकृत नियंत्रण प्रणाली को अपनाया है, जिससे शुल्क वसूली और निगरानी पहले की तुलना में अधिक प्रभावी हुई है। लोकसभा को यह भी अवगत कराया गया कि जुलाई 2024 से अब तक पेड पार्किंग से 22 करोड़ 43 लाख 90 हजार 681 रुपये की आय हुई है। वहीं, संचालन व्यय घटाने के बाद नगर निगम को 10 करोड़ 21 लाख 71 हजार 97 रुपये की शुद्ध वास्तविक आय प्राप्त हुई है। सरकार के अनुसार, यह आंकड़े नई व्यवस्था के आर्थिक लाभ को दशार्ते हैं। केंद्रीय मंत्री ने सदन में यह भरोसा भी दिलाया कि पार्किंग परियोजना से जुड़े सभी अनुबंध और क्रियान्वयन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

# दिनदहाड़े एटीएम में ठगी, दिव्यांग का कार्ड बदलकर 60 हजार उड़ाए

जीरकपुर, यूटर्न, 10 फरवरी। वीआईपी रोड स्थित आरबीएल बैंक के एटीएम में दिनदहाड़े शातिर ठगों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए एक दिव्यांग व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 60 हजार रुपये निकाल लिए। ठगों ने महज 5-5 मिनट के अंतराल में 10-10 हजार रुपये की छह बार निकासी की और मौके से फरार हो गए।

पीड़ित ने बताया कि वह शारीरिक रूप से विकलांग है और उसे चलने-फिरने में काफी परेशानी होती है। इसी कमजोरी का फायदा उठाते हुए आरोपियों ने मदद का बहाना बनाकर उससे बातचीत शुरू की और चालाकी से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। पीड़ित को ठगी का पता तब चला, जब उसके मोबाइल पर खाते से पैसे निकलने के लगातार मैसेज आने लगे। जब तक वह कुछ समझ पाता, तब तक खाते से 60 हजार रुपये साफ हो चुके थे।





घटना के समय एटीएम पर कोई सुरक्षा गार्ड मौजूद नहीं था, जिससे ठगों को वारदात को अंजाम देने में आसानी हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि वीआईपी रोड जैसे व्यस्त इलाके में स्थित एटीएम पर सुरक्षा गार्ड का न होना गंभीर लापरवाही है। इस घटना के बाद बैंक की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि एटीएम का उपयोग करते समय किसी अनजान व्यक्ति से सहायता न लें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

## फ्लैग मार्च के 24 घंटे के भीतर ही दिव्यांग से ठगी, सुरक्षा दावों पर उठे सवाल

सोमवार शाम को जीरकपुर में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया था। इस दौरान प्रशासन ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के दावे किए थे।

लेकिन फ्लैग मार्च के महज 24 घंटे के भीतर ही वीआईपी रोड जैसे व्यस्त इलाके में दिनदहाड़े एटीएम ठगी की घटना सामने आना पुलिस और बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत को उजागर करता है। एटीएम जैसे संवेदनशील स्थान पर न सुरक्षा गार्ड की मौजूदगी और न ही ठगों पर कोई रोक—यह स्थिति आम लोगों, खासकर बुजुर्गों और दिव्यांगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा करती है।

# यूनिसिटी की अशप्रीत कौर ने यूजीसी नेट में 99.7450 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया जीरकपुर का मान

जीरकपुर, यूटर्न, 10 फरवरी। यूनिसिटी, जीरकपुर की रहने वाली होनहार छात्रा अशप्रीत कौर ने यूजीसी नेट परीक्षा में 99.7450 प्रतिशत अंक हासिल कर न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे शहर का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय स्तर की इस कठिन परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर अशप्रीत ने यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प, धैर्य और निरंतर मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।




अशप्रीत के पिता एडवोकेट हरजिंदर सिंह, जो चंडीगढ़ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में वकालत करते हैं, ने बताया कि उनकी बेटी का बचपन से ही प्रोफेसर बनने का सपना था। उन्होंने कहा कि अशप्रीत ने अपने लक्ष्य को पाने के लिए दिन-रात मेहनत की और नियमित रूप से प्रतिदिन 5 से 6 घंटे पढ़ाई की। तैयारी के दौरान उन्होंने कभी भी लापरवाही नहीं बरती। परिवार में माता-पिता के अलावा एक बेटा और एक बेटी हैं। बेटा भी पेशे से वकील है, जबकि अशप्रीत ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना करियर बनाने का निर्णय लिया।

# लुधियाना में ऑपरेशन प्रहार 2.0 के दूसरे दिन सब्जी मंडी समेत कई इलाकों में रेड, 82 अपराधी पकड़े

लुधियाना/यूटर्न/10 फरवरी। लुधियाना में मंगलवार को ऑपरेशन प्रहार 2.0 के दूसरी दिन पुलिस ने हलका उत्तरी के अलग-अलग इलाकों में रेड की। पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा और और आईजी डॉ. एस. भूपति की अगुवाई में यह बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। पुलिस टीमों ने सब्जी मंडी सहित थाना सलेम टाबरी के अलग-अलग इलाकों में दबिश दी। पुलिस टीम पीरू बंदा मोहल्ला, चांदनी चौक, खंजूर चौक, सुइयां वाला अस्पताल क्षेत्र समेत कई संवेदनशील इलाकों में चेकिंग की गई। अधिकारियों ने बताया कि नशा तस्कर किसी भी रूप में काम कर सकते हैं, इसलिए हर तरह के कारोबार और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखना जरूरी है।

अभियान के दूसरे दिन जिले भर में व्यापक कार्रवाई की गई, जिसमें 82 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने जिलेभर में 450 जवानों की तैनाती कर 20 स्पेशल टीमों के जरिए 125 से ज्यादा जगहों





पर एक साथ छापेमारी की। 24 घंटे चले इस अभियान में सक्रिय गैंगस्टर, वांछित अपराधी और 3 उद्घोषित अपराधी पकड़े गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 122 ग्राम हेरोइन, 5 ग्राम आइस ड्रग, 2 देसी पिस्टल, 17 मोबाइल फोन, 7 दोपहिया वाहन और 6 पेटी शराब भी बरामद की। जानकारी देते हुए क्क्डॉ. एस. भूपति ने कहा कि ऑपरेशन प्रहार 2.0 तीन दिन यानी 72 घंटे लगातार चल रहा है। आज दूसरा दिन है।

पुलिस दो तरह से इस ऑपरेशन में काम कर रही है। पुलिस टीमों को दो भागों में बांटा गया है ।कुछ अधिकारी और मुलाजिम उन हाट स्पाट पर नाकाबंदियां कर रहे है जहां नशा तस्कर घूमते है। कुछ अधिकारी उन इलाकों में दबिश दे रहे है जहां नशा बिकता है। शहर के अलावा देहाती इलाकों में भी अधिकारी सर्च कर रहे है।

## होटल में नशे की सूचना पर जीरकपुर पुलिस की दबिश, चार आरोपी हिरासत में

जीरकपुर, यूटर्न, 10 फरवरी। जीरकपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लोहगढ़ स्थित होटल इन में दबिश देकर चार लोगों को हिरासत में लिया है, जो कथित तौर पर नशीले पदार्थों का सेवन कर रहे थे। कार्रवाई एसआई जीवन सिंह के नेतृत्व में की गई।

पुलिस टीम ने होटल के कमरों में छापेमारी के दौरान विकास दुबे निवासी बिहार, आकाश कुमार उर्फ मोटा निवासी बिहार, गुरविंदर सिंह उर्फ सनी निवासी समाना और बलजिंदर कौर निवासी समाना को काबू किया। चारों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत उनके अधिकारों की जानकारी देकर तलाशी ली गई, हालांकि मौके से कोई भी नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को सिविल अस्पताल डेराबस्सी ले जाकर डोप टेस्ट करवाया। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार चारों आरोपी एमओआर और बीजेडडी पॉजिटिव पाए गए, जबकि एक आरोपी का टेस्ट बीयूपी में भी पॉजिटिव आया है। पुलिस ने चारों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 27/61/85 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर में नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत होटलों और सार्वजनिक स्थानों पर नियमित चेकिंग की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

## नशे के खिलाफ अभियानः सिग्मा सिटी चौक के पास दंपती काबू, डोप टेस्ट में पाए गए पॉजिटिव

जीरकपुर, यूटर्न, 10 फरवरी। नशे के खिलाफ सख्त अभियान के तहत जीरकपुर पुलिस ने सोमवार को सिग्मा सिटी चौक, लोहगढ़ के पास एक दंपती को काबू किया, जिनका डोप टेस्ट पॉजिटिव पाया गया। कार्रवाई एएसआई बलजीत सिंह के नेतृत्व में उस समय की गई, जब पुलिस टीम इलाके में गश्त कर रही थी। पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि रणबीर सिंह निवासी गांव दुलार, जिला पटियाला और उसकी पत्नी गुरप्रीत कौर नशे के आदी हैं और नशे की हालत में क्षेत्र में मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को रोका और एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर तलाशी ली। हालांकि मौके से कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। संदेह के आधार पर पुलिस दोनों को सिविल अस्पताल डेराबस्सी ले गई, जहां डोप टेस्ट कराया गया।

# डीबीए लुधियाना के मुद्दों पर मंथन, पूर्व एडवोकेट जनरल डॉ. अनमोल रतन सिद्धू से मिले DBA सदस्य





लुधियाना 10 फरबरी : डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन (डीबीए) से जुड़े मामलों और एडवोकेट की समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें पंजाब के पूर्व एडवोकेट जनरल डॉ. अनमोल रतन सिद्धू विशेष रूप से शामिल हुए। उनके साथ एडवोकेट राहुल शर्मा और डीबीए के प्रधान विपन सगड्डु सहित कार्यकारी सदस्य भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान अदालतों से संबंधित बुनियादी सुविधाएं, एडवोकेटों के हित, न्यायिक प्रक्रियाओं में सुधार तथा बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. अनमोल रतन सिद्धू ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मजबूत बार एसोसिएशन ही न्याय व्यवस्था की रीढ़ होती है और एडवोकेटों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए।

एडवोकेट राहुल शर्मा ने डीबीए सदस्यों की ओर से विभिन्न मुद्दे रखते हुए कहा कि लुधियाना बार को आधुनिक सुविधाएं और बेहतर प्रशासनिक सहयोग मिलना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि डॉ. अनमोल रतन सिद्धू के तजुर्बे और पेशेवर का लाभ डीबीए सदस्यों को मार्गदर्शन के रूप में मिलता रहा है।

बैठक को संवादात्मक और सकारात्मक बताते हुए सदस्यों ने भविष्य में भी ऐसे विमर्श जारी रखने पर सहमति जताई।

# श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव को समर्पित ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित

सुनील पांडेय





लुधियाना/यूटर्न/10 फरवरी। साहिब-ए-कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी के प्रकाशोत्सव को समर्पित एक गुरमति समागम गुरुद्वारा साहिब जम्मू कॉलोनी, विश्वकर्मा टाउन, लुधियाना में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके पर इंसानियत की भलाई के लिए, भाई घनैया जी मिशन सेवा सोसाइटी के मुख्य सेवादार जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा, नेशनल जनरल सेक्रेटरी अमरजीत सिंह कलसी ने गु: प्रबंधक कमेटी के सहयोग से 865वां महान ब्लड डोनेशन कैंप लगाया।

ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू ने किया और कहा कि ब्लड डोनेशन इंसानियत की सबसे बड़ी सेवा है और इस महान सेवा से कई कीमती जानें बचाई जा सकती हैं। इस मौके पर फीको प्रेसिडेंट गुरमीत सिंह कुलार, पार्षद निर्मल कैरा खास तौर पर मौजूद थे, ने 35 ब्लड डोनर्स की हिम्मत बढ़ाई और उन्हें सर्टिफिकेट और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जतिंदर सिंह टिंडी पंधेर, जगजीत सिंह, प्रेसिडेंट, गुरचरण सिंह, जनरल सेक्रेटरी टोनी, कैशियर कुलविंदर सिंह रसीन, गुरविंदर सिंह कंडा, अवतार सिंह बावा, जगजीत सिंह कलसी, चरणजीत सिंह चानी, सरबजीत सिंह जीता, प्रभजोत सिंह जस्सल, अमित कुमार, सरबजीत सिंह सोहल और गु: मैनेजमेंट कमेटी के सभी सदस्य मौजूद थे।

# विधायक बग्गा ने किया बुड्डा दरिया के एक तरफ की सडक निर्माण कार्य का उद्घाटन



लुधियाना/यूटर्न/10 फरवरी।

विधानसभा उतरी स्थित चंद्र नगर छोटी पुली (न्यू दीप नगर) से चंद्र नगर तक बुड्डा दरिया के एक तरफ की सडक निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक चौ.मदन लाल बग्गा ने किया। इस प्रौजैक्ट पर करीब 6 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत आएगी। इस प्रौजैक्ट खास विशेषता यह है कि जहां से बुड्ढे दरिया के किनारे सडक के लिए जगह कम होगी, वहां पर पिल्लर खड़े कर लैंटर डालकर सडक निर्माण किया जाएगा। विधायक बग्गा ने सडक उदघाटन का बाद जानकारी देते हुए कहा पिछले करीब तीन दशक से बुड्ढे दरिया की एक तरफ बनने वाली सडक का निर्माण अवैध कब्जो के चलते अधर में लटका था। वहीं कुछ स्थानों पर जगह कम होने के चलते सडक निर्माण में अड़चने आ रही थी। अब जहां से कम है वहां पर पिल्लर खड़े कर फ्लाई ओवर की तर्ज पर सलैब डाल कर सडक बनेगी। इस अवसर पर पार्षद तजिन्द्र कौर राजा, पार्षद पुष्पिन्द्र भनोट बिट्ढ, आप के वरिष्ठ नेता तजिन्द्र सिंह राजा सहित आम आदमी पार्टी के जिला, ब्लाक, वार्ड स्तरीय प्रतिनिधि व स्थानीय निवासी भी उपस्थित रहे।

## शादी समारोह में आए रिश्तेदारों ने पड़ोसियों पर किया हमला, दो जख्मी



लुधियाना/यूटर्न/10 फरवरी। इंद्रा कॉलोनी में शादी समारोह में आए रिश्तेदारों ने शादी वाले घर के साथ वाले घर में रहते पड़ोसियों पर हमला कर दिया। हमलावरों द्वारा तेजधार हथियारों से हमला किया। जिस कारण पिता पुत्र जख्मी हो गए। जिन्हें रिश्तेदारों द्वारा सिविल अस्पताल दाखिल कराया गया। जख्मियों द्वारा थाना डिवीजन नंबर 7 की पुलिस को शिकायत दी है। जख्मियों की पहचान सुरजीत सिंह और उनका बेटा बलजीत सिंह के रुप में हुई है। सुरजीत सिंह ने बताया कि उनके पड़ोस वाले घर में शादी थी। सोमवार रात शादी समारोह के दौरान डांस करते समय ननका परिवार के साथ आए कुछ लोगों का शादी वाले पक्ष के साथ विवाद हो गया था। लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया। मंगलवार को वह फिर आए और शादी वाले घर के बाहर गाली गलोच करने लगे। जब शादी वाले घर के लोग बाहर न आए तो हमलावरों ने उनके साथ उलझना शुरू कर दिया। जिसके बाद गाली गलोच करते हुए हमला कर दिया।

# फर्जी तांत्रिक-मौलवी का पदार्फाश, महिलाओं को डराकर 40 लाख की ठगी करने वाला आरोपी दबोचा



चंडीगढ़, यूटर्न, 10 फरवरी। महिलाओं की मानसिक कमजोरी और अंधविश्वास का फायदा उठाकर खुद को कभी तांत्रिक तो कभी मौलवी बताने वाले एक शातिर ठग को चंडीगढ़ साइबर सेल पुलिस ने राजस्थान के झूंझनूं जिले से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान 25 वर्षीय रोहित भार्गव के रूप में हुई है, जिसने नकारात्मक शक्तियों और अनहोनी का भय दिखाकर लाखों रुपये की ठगी को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के पास से एक वीवो मोबाइल फोन और एक आईफोन 16 प्रो बरामद किया गया है। जांच में सामने आया कि रोहित अलग-अलग मोबाइल नंबरों और फर्जी नामों का इस्तेमाल करता था। एक नंबर से वह खुद को मौलवी बरकत खान बताता था, जबकि दूसरे नंबर से दिलबर शाह बनकर पीड़िताओं से संपर्क करता था। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह अपने एक साथी के साथ मिलकर फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी धार्मिक विज्ञापन चलाता था। इन विज्ञापनों के जरिए तंत्र-मंत्र और दुआ के नाम पर घरेलू, पारिवारिक और निजी समस्याओं के समाधान का झांसा दिया जाता था। शुरूआत में पीड़ितों से मामूली रकम ली जाती थी, लेकिन बाद में डर और धमकी देकर लगातार नकदी और गहने ऐंठे जाते थे। ठगी की रकम दोनों आरोपियों में बराबर बांटी जाती थी। मामले का खुलासा 14 जनवरी को दर्ज एक महिला की शिकायत के बाद हुआ।

# दिनदहाड़े 2 दोस्तों को बीच रास्ते में मारी गोलियां, बंबीहा गैंग ने कहा- पंजाब को बाप की जायदाद समझ बैठे



पंजाब/यूटर्न/10 फरवरी। मोगा में दिनदहाड़े 2 दोस्तों पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इस दौरान दोनों के पैरों में गोलियां लगी हैं। एक को तीन गोलियां, जबकि दूसरे के पैर में एक गोल लगी है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। फायरिंग से जुड़ा एक वीडियो भी 'निरवैर सिंह 607' के नाम से इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया, जिसमें आरोपी बाइक पर जाते हुए दिख रहे हैं और रास्ते में जा रहे युवकों पर अचानक फायरिंग कर देते हैं। वहीं फायरिंग की बंबीहा गैंग ने जिम्मेदारी ली है। पोस्ट में लिखा- यह हमारा रोष है उन लोगों के खिलाफ, जो आकर पंजाब को अपने बाप की पैतृक जायदाद समझ बैठे हैं। ये लोग बाहर से आकर पंजाब का माहौल खराब करते हैं। उधर, दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। एसएसपी अजय गांधी ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### 3 बाइक सवारों ने चलाई गोलियां

जानकारी के अनुसार, घटना मंगलवार सुबह करीब 11.15 बजे जीरा रोड पर हुइ□घायलों की पहचान अशोक कुमार और सबोध के नाम से हुइ□जो यहां एक कंपनी में पल्लेदारी का काम करते थे। सुबह वह खाना खाने के लिए अपने घरों की ओर जा रहे थे। तभी अचानक तीन बाइक सवार युवक वहां पहुंचे और बिना किसी चेतावनी के उन पर फायरिंग शुरू कर दी। गोलियां चलते देख मौके पर हड़कंप मच गया और उसने साथ अन्य लोग इधर-उधर भाग निकले। आरोपियों ने करीब 4 गोलियां चलाई। जिससे तीन गोलियां अशोक कुमार के पैर में लगी, जबकि एक गोली सबोध के पैर में लगी। घटना के बाद दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

# पंजाबी वीजा किंग का कनाडा में लग्जरी शो-ऑफ, ढाई करोड़ की घड़ी, टेबल पर ढेर लगा वीजा रखे, कैनेडियन पुलिस को शिकायत

जालंधर/यूटर्न/10 फरवरी। कनाडा के ब्रैम्पटन में पंजाबी मूल का वीजा किंग चन्नी भाई विवादों में घिर गया है। लग्जरी लाइफ के शो ऑफ पर कनाडाई लोगों ने आपत्ति जाहिर की है। कनाडा के गारंटीड वीजा के दावे और हाथ में ढाई करोड़ की घड़ी के चलते स्थानीय लोगों ने पुलिस से शिकायत की है। जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई। स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया पर कमेंट कर कहा कि कनाडा के लोग इस वक्त महंगाई के दौर से गुजर रहे हैं। यहां लोगों के पास पैसा नहीं है और पंजाबी मूल का वीजा किंग अपनी बाजू पर ढाई करोड़ की घड़ी बांध रहा है। इसका एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें उसने दफ्तर के टेबल पर वीजा का ढेर लगाकर रखा है।



### वीजा नियम सख्त, फिर भी वीजा लगवाने के आरोप

चन्नी भाई नामक वीजा किंग पंजाबी मूल के लोगों को बड़ी संख्या में वीजा दिलाने का दावा करता है। इसपर भी लोगों ने ऑब्जेक्शन लगाते हुए कहा है कि कनाडा में वीजा नियम सख्त होने पर ऐसा कैसे हो सकता है। इसकी इमिग्रेशन नियम के अनुसार जांच होनी चाहिए। कनाडा के कंटेंट क्रिएटर्स ने चन्नी की वीडियो जारी कर दावा किया है कि उसने अपनी कलाई पर जो घड़ी बांध रखी है, वो रिचर्ड मिल ब्रांड की है। घड़ियों के जानकारों का मानना है कि कनाडा में इस ब्रांड की शुरूआती कीमत 3 लाख डॉलर (लगभग 2.5 करोड़ रुपए) है।

# तेज रफ्तार ने ली एलपीयू के 3 छात्रों की जान, डिवाइडर तोड़ पिकअप से टकराई कार, ट्रक ड्राइवर की टांग फ्रैक्चर

पंजाब/यूटर्न/10 फरवरी। अमृतसर-दिल्ली हाईवे पर जालंधर जिले में गोराया के पास ओवरस्पीड कार डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरे लेन में आ रहे पिकअप ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार 3 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर गोराया पुलिस मौके पर पहुंची और युवकों को कार से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि युवक जालंधर साइड से लुधियाना जा रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि टोयोटा कार के परखच्चे उड़ गए। जबकि, टाटा-407



भी क्षतिग्रस्त हो गई। टाटा-407 का ड्राइवर भी गंभीर हालत में अस्पताल भर्ती करवाया। उसकी टांग में फ्रैक्चर है। मृतकों की पहचान कश्मीर मोहम्मद के बेटे साहिल मोहम्मद (23), अवतार चंद के पुत्र दलजीत भट्टी (20) और देसराज मेहमी के बेटे अवतार मेहमी (17) के रूप में हुई है। ये सभी जालंधर में थाना फिल्लौर के अंतर्गत मुठड्डा कलां के रहने वाले थे। तीनों युवक फगवाड़ा की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के छात्र थे।

**सड़क सुरक्षा फोर्स ने क्षतिग्रस्त वाहनों को रोड से हटवाया...**हादसे की सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम मौके पर पहुंची और शवों व घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में घायल टाटा-407 के ड्राइवर विजय कुमार ने बताया कि वह जालंधर की तरफ जा रहा था। तभी तेज रफ्तार कार पलटकर उसकी लेन में आ गई और टकरा गइ□उसकी टांग में फ्रैक्चर हुआ है। हाईवे पर गैराज चलाने वाले प्रत्यक्षदर्शी बैंस ने बताया कि टोयोटा कार की स्पीड 100 से भी ज्यादा थी। देखते ही देखते ड्राइवर का इससे नियंत्रण खो गया और कार डिवाइडर तोड़ दूसरी तरफ ट्रक से टकरा गइ□हम दौड़कर मौके पर पहुंचे, लेकिन कार पिचक चुकी थी। युवकों ने अंदर ही दम तोड़ दिया था।

## पंजाब पुलिस के मुलाजिम ने की फायरिंग; कार ड्राइवर से मारपीट कर छीना था लाइसेंसी हथियार



पंजाब/यूटर्न/10 फरवरी। मानसा में एक पुलिसकर्मी पर इनोवा गाड़ी और लाइसेंसी हथियार छीनने का आरोप लगा है। पुलिसकर्मी ने लिफ्ट लेने के बाद इनोवा ड्राइवर से मारपीट की और उसे सड़क पर फेंककर गाड़ी व हथियार लेकर फरार हो गया। बाद में, सरदूलगढ़ इलाके में उसी हथियार से फायरिंग करते हुए उसका एक वीडियो भी सामने आया है। घटना के पीड़ित गुरप्रीत सिंह अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने मारपीट करने और गाड़ी व हथियार छीनकर फरार होने वाले पुलिसकर्मी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। बीते दिन डीआईजी हरजीत सिंह ने भी जांच का आश्वासन दिया था। इस घटना के बाद से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। मानसा पुलिस द्वारा अभी तक फरार पुलिसकर्मी के खिलाफ मामला दर्ज न किए जाने पर स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। पीड़ित और स्थानीय लोग पुलिस की त्वरित कार्रवाई न होने पर चिंता जता रहे हैं।

## बठिंडा पुलिस ने ज्वेलर की दुकान में हुई चोरी मामले में चार आरोपी किए गिरफ्तार, चांदी व जुगाड़ू वाहन बरामद



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/10 फरवरी। बठिंडा पुलिस द्वारा बुरे लोगों के खिलाफ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी कड़ी में डॉ. ज्योति यादव सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस बठिंडा, नरिंदर सिंह एसपी (सिटी) और अमृतपाल सिंह भाटी, डीएसपी के नेतृत्व में, उक्त मामला 15 जनवरी को दर्ज किया गया था। पुलिस स्टेशन कैनाल कॉलोनी बठिंडा और सीआईए स्टाफ-2 की पुलिस पार्टी ने उक्त मामले में वादी की ज्वैलर की दुकान से चोरी करने वाले 4 लोगों को गिरफ्तार करके और उनके कब्जे से 7 किलो चोरी की चांदी बरामद करके बड़ी सफलता हासिल की। उसने बयान दर्ज कराया कि उसकी प्रताप नगर में पारस ज्वैलर्स नाम की दुकान में लगभग 16-17 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी की गई। इस मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके नाम अनिल उर्फ अम्पुरी निवासी नियापुरा जिला कोटा, राजस्थान, गोविंदा निवासी बरनाला, ओमी उर्फ टाइगर निवासी बरनाला, बिक्रम वर्मा निवासी अहमदगढ़ हैं। ये इन्हें गिरफ्तार कर उनके पास से 7 किलो चोरी की चांदी और एक जुगाड़ू फुट कार्ट बरामद की गई। ये आरोपी मेले की आड़ में अलग-अलग जिलों में जाकर अपना ठिकाना बनाते थे, जिसमें से इनकी औरतें मेले में गुब्बारे बेचती थीं और वारदात करने से पहले ये लोग गलियों में गुब्बारे बेचते हुए रैकी करके वारदात को अंजाम देते थे। जब मेला खत्म हो जाता था, तो वे उस इलाके से निकलकर अगली चोरी के लिए ट्रेन से दूसरे इलाके में मेले में चले जाते थे।

# विपक्ष ने ओम बिरला के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन पेश किया, राहुल गांधी ने नहीं किया साइन

चंडीगढ़/यूटर्न/10 फरवरी। कांग्रेस ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन का नोटिस हाउस के सेक्रेटरी जनरल को दिया है। कांग्रेस एमपी गौरव गोगोई ने कहा कि नोटिस दोपहर 1:14 बजे रूल्स ऑफ प्रोसीजर एंड कंडक्ट ऑफ बिजनेस के रूल 94सी के तहत पेश किया गया था। इस प्रस्ताव पर करीब 118 सांसदों के साइन हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह संख्या विपक्ष के बड़े सपोर्ट को दिखाती है और सेशन के दौरान कथित भेदभाव, बोलने का समय न देने और रुकावटों पर बढ़ती चिंता को दिखाती है।

हालांकि, कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि राहुल गांधी ने पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी की गरिमा का हवाला देते हुए लोकसभा स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस नोटिस पर साइन नहीं किया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, विपक्ष के नेता के लिए स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन की मांग वाले नोटिस पर साइन करना सही नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह फैसला इंस्टीट्यूशनल प्रोप्राइटी और पार्लियामेंट्री परंपराओं के सम्मान को ध्यान में रखकर लिया गया था, जबकि विपक्ष ने हाउस के कामकाज पर चिंता जताते हुए नोटिस पेश किया था। यह कदम बजट



सेशन के दौरान विपक्ष और ट्रेजरी बेंच के बीच चल रहे टकराव में एक बड़ी बढ़त दिखाता है।

### असाधारण हालात में उठाया गया असाधारण कदम

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने मंगलवार को कहा कि विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस नोटिस दिया है, और इसे असाधारण हालात में उठाया गया असाधारण कदम बताया। एक्स पर एक पोस्ट में, टैगोर ने कहा कि विपक्ष संवैधानिक मयार्दा में अपना भरोसा बनाए रखता है और स्पीकर के लिए पर्सनल सम्मान बनाए रखता है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर दुख जताया कि विपक्षी सांसदों को सदन में पब्लिक इंपॉर्टेंस के मुद्दे उठाने का मौका लगातार नहीं दिया जा रहा है।


### सालों से ऐसी शिकायतों के बाद उठाया कदम

उन्होंने कहा कि स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस नोटिस लाने का कदम सालों से ऐसी शिकायतों के बाद आया है, जो विपक्ष की चिंताओं की गंभीरता को दिखाता है। इससे पहले, बीजेपी की महिला सांसद ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को चिट्ठी लिखकर सदन में 4 फरवरी, 2026 को हुए हंगामे को लेकर विपक्षी MPs के खिलाफ 'नियमों के तहत सबसे सख्त कार्रवाई' करने की मांग की थी। पत्र में विपक्षी सदस्यों पर वेल में घुसने, स्पीकर की टेबल पर चढ़ने और कार्यवाही में बाधा डालने का आरोप लगाया गया है।

# नेशनल डी-वर्मिंग डे पर आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार करेंगे जागरूक, बच्चों में बढ़ते कृमि संक्रमण पर जताई चिंता

चंडीगढ़, यूटर्न, 10 फरवरी। नेशनल डी-वर्मिंग डे के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार कृमि संक्रमण से जुड़ी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं पर जानकारी साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि विश्व की 25 प्रतिशत से अधिक आबादी आज भी किसी न किसी प्रकार के कृमि संक्रमण से प्रभावित है, जिसमें सबसे अधिक मामले विकासशील देशों में सामने आ रहे हैं। यह स्थिति खासतौर पर बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है।

डॉ. नीरज कुमार के अनुसार खराब स्वच्छता, कुपोषण और एनीमिया के कारण बच्चों में कृमि संक्रमण तेजी से फैल रहा है। हुकवर्म (अंकुश कृमि) संक्रमण के मामलों में बच्चों में खून की कमी का खतरा कई गुना बढ़ जाता है, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक विकास प्रक्रिया पर



प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि यूरोप और अमेरिका जैसे विकसित देशों में इस बीमारी पर काफी हद तक नियंत्रण पा लिया गया है, लेकिन उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अब भी यह संक्रमण व्यापक रूप से फैला हुआ है। विशेष रूप से भूमध्य रेखा से 30 से 45 डिग्री अक्षांश के बीच के क्षेत्रों में हुकवर्म संक्रमण अधिक पाया जाता है, जहां गर्म और नम जलवायु इसके फैलाव के लिए अनुकूल होती है।

वैश्विक आंकड़ों का हवाला देते हुए डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि दुनिया भर में कृमि संक्रमण के मामले करीब 70 से 90 करोड़ के बीच आंके गए हैं। वहीं, हुकवर्म से होने वाले एनीमिया के कारण हर वर्ष लगभग 5,000 से 6,000 लोगों की मौत होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि स्कूल जाने वाले बच्चे इस संक्रमण के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील होते हैं। यदि समय रहते रोकथाम और उपचार न किया जाए तो यह बीमारी बच्चों में रोगग्रस्तता और मृत्यु दर को बढ़ा सकती है। डॉ. नीरज कुमार ने स्वच्छता अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और समय-समय पर कृमिनाशक दवाओं के सेवन को इस समस्या से निपटने का प्रभावी उपाय बताया।

## संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की असली ताकतः चंडीगढ़ कांग्रेस माइनॉरिटी डिपार्टमेंट बैठक में हुआ मंथन

चंडीगढ़, यूटर्न, 10 फरवरी। कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को चंडीगढ़ कांग्रेस माइनॉरिटी डिपार्टमेंट की एक अहम संगठनात्मक बैठक कांग्रेस भवन, सेक्टर-35 में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चंडीगढ़ कांग्रेस माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के अध्यक्ष आसिफ चौधरी ने की। इस दौरान संगठन विस्तार के साथ-साथ सोशल मीडिया के प्रभावी इस्तेमाल को लेकर भी विस्तृत रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में ऑल इंडिया कांग्रेस माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी, चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की और चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया गया। पदाधिकारियों ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और सोशल मीडिया पर अनुशासित व सकारात्मक उपस्थिति बनाए रखने पर सहमति जताई।

# ऑपरेशन थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय चरस तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़, 1.284 किलो चरस बरामद



अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 10 फरवरी। चंडीगढ़ पुलिस की ऑपरेशन सेल ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक अंतरराज्यीय ड्रग रैकेट का पदार्फाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चरस की व्यावसायिक मात्रा के साथ दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक स्थानीय सप्लायर और दूसरा हिमाचल प्रदेश से जुड़ा मुख्य स्रोत शामिल है। आरोपियों के कब्जे से कुल 1 किलो 284 ग्राम चरस बरामद की गई है। यह कार्रवाई एसपी ऑपरेशंस यूटी गीतांजलि खंडेलवाल के मार्गदर्शन और डीएसपी ऑपरेशंस विकास श्योकंद की निगरानी में, ऑपरेशंस सेल के प्रभारी इंस्पेक्टर जसपाल सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार 5 फरवरी को ऑपरेशंस सेल की टीम मौलीजागरां स्थित रेलवे रोड पर शिव मंदिर के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली गई, जिसमें उसके बैग से 1 किलो 56 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी ने अपनी पहचान राहुल निवासी चर्खी दादरी हरियाणा के रूप में बताई। आरोपी के खिलाफ एफआईआर नंबर 26 दिनांक 05.02.2026, धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना मौलीजागरां में मामला दर्ज किया गया। आगे की पूछताछ के लिए आरोपी को चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान राहुल ने खुलासा किया कि वह यह चरस हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के मणिकरण निवासी कृष्ण चंद से खरीदता था। इस सूचना के आधार पर ऑपरेशंस सेल की टीम ने हिमाचल प्रदेश के परवती सेंट्रल कैफे, गांव ऊचधार, थाना मणिकरण से दूसरे आरोपी कृष्ण चंद को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 228 ग्राम चरस और बरामद की गई, जिसके बाद मामले में धारा 29 एनडीपीएस एक्ट भी जोड़ दी गई। पुलिस जांच में सामने आया है कि कृष्ण चंद लंबे समय से राहुल को चरस की सप्लाई कर रहा था, जबकि राहुल इसे आगे ट्राई-सिटी क्षेत्र में वितरित करता था।

# भारतीय सेना ने कुपवाड़ा के युवा हॉकी प्रतिभा हानन नजीर को किया सम्मानित



कुपवाड़ा, यूटर्न, 10 फरवरी। प्रोत्साहन और गर्व से भरे एक भावनात्मक कदम के तहत, भारतीय सेना ने कुलंगाम, हंदवाड़ा स्थित उनके आवास पर राष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी हानन नजीर को सम्मानित किया। कुपवाड़ा ज़िले के एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले हानन ने इतिहास रचते हुए मध्य प्रदेश में आयोजित अंडरअ 14 नेशनल स्कूल हॉकी चैंपियनशिप में जम्मूऔरकश्मीर का प्रतिनिधित्व करने वाले कुपवाड़ा के पहले और एकमात्र बालक बनने का गौरव हासिल किया। सम्मान समारोह में स्थानीय नागरिकों, परिवारजनों और पड़ोसियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को संवारने और जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेना का आभार व्यक्त किया।

# प्रशासन की आंखों के नीचे रात में नाजायज माइनिंग, अधिकारी रहे नदारद

## डेराबस्सी के सैदपुरा में अवैध माइनिंग का खेल, प्रशासन की भूमिका सवालों के घेरे में







डेराबस्सी, यूटर्न, 10 फरवरी। डेराबस्सी के नजदीकी गांव सैदपुरा में रात के अंधेरे में धड़ल्ले से की जा रही नाजायज माइनिंग ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गांव के किसान मदन हरिपुर हिंदुआ ने आरोप लगाया है कि उनके खेत के पास बिना किसी सरकारी मंजूरी के जेसीबी, टिप्पर और अन्य भारी वाहनों से अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई की जा रही थी।

यह कार्रवाई खुलेआम और लगातार कई दिनों से चल रही है, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी पूरी तरह से नदारद रहे।

किसान मदन हरिपुर हिंदुआ ने बताया कि उन्हें किसी व्यक्ति का फोन आया, जिसने सूचना दी कि उनके खेत के पास माइनिंग की जा रही है। जब वह तुरंत मौके पर पहुंचे तो देखा कि जेसीबी मशीन और टिप्पर मिट्टी निकालने में लगे हुए थे। खेत के आसपास चार-चार फीट तक मिट्टी पहले ही निकाली जा चुकी थी, जिससे खेत को भारी नुकसान पहुंचा है।

> मेरे खेत के पास बिना किसी मंजूरी के रात के अंधेरे में माइनिंग की जा रही थी। जब परमिशन पूछी तो सभी मशीनें लेकर भाग गए। अधिकारियों को फोन किया, लेकिन कोई नहीं आया। इससे साफ है कि सब कुछ मिलीभगत से हो रहा है।
>
> — मदन हरिपुर हिंदुआ, किसान

उन्होंने बताया कि जब उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से पूछा कि आप कौन हैं और आपके पास माइनिंग की अनुमति है या नहीं, तो कोई भी व्यक्ति कोई जवाब नहीं दे सका। इसके बाद सभी वाहन चालक मशीनें स्टार्ट कर वहां से फरार हो गए। इससे साफ जाहिर होता है कि माइनिंग पूरी तरह अवैध थी और कार्रवाई का डर होने पर आरोपी मौके से भाग निकले।

मदन हरिपुर हिंदुआ का आरोप है कि माइनिंग किसी डीलर के इशारे पर करवाई जा रही थी, लेकिन उस डीलर के पास न तो कोई सरकारी अनुमति है और न ही निर्धारित क्षेत्र में माइनिंग करने का अधिकार। इसके बावजूद खुलेआम खेतों के पास खुदाई की जा रही थी, जिससे किसानों की जमीन और फसलों को नुकसान पहुंच रहा है।

### नाजायज माइनिंग से किसानों को हो रहा नुकसान

- खेतों की उपजाऊ मिट्टी हो रही बर्बाद
- चार-चार फीट तक की जा चुकी है खुदाई
- फसलों और जमीन की संरचना को भारी नुकसान
- रात के समय माइनिंग से बढ़ रहा हादसों का खतरा
- प्रशासन की निष्क्रियता से ग्रामीणों में आक्रोश

किसान ने बताया कि उन्होंने तुरंत माइनिंग विभाग के अधिकारियों को फोन कर पूरी जानकारी दी, लेकिन काफी देर तक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे किसानों में भारी रोष है। उनका कहना है कि यदि समय रहते अधिकारी मौके पर पहुंचते, तो नाजायज माइनिंग रोकी जा सकती थी।

ग्रामीणों का कहना है कि रात के अंधेरे में माइनिंग किए जाने से यह साफ संकेत मिलता है कि सब कुछ प्रशासन की नाक के नीचे और कथित मिलीभगत से हो रहा है। अगर विभागीय अधिकारी ईमानदारी से कार्रवाई करें, तो इस तरह की अवैध गतिविधियां संभव ही नहीं हैं।

इस मामले ने एक बार फिर अवैध माइनिंग के खिलाफ प्रशासन की सख्ती के दावों की पोल खोल दी है। किसान और ग्रामीण अब मांग कर रहे हैं कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और अवैध माइनिंग में शामिल लोगों के साथ-साथ लापरवाह अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जाए।

# कमल भाभी मर्डर केस में अमृतपाल सिंह मेहरो भगोड़ा घोषित

नवीन गोगना

लुधियाना 10 फरवरी, बठिंडा की एक लोकल कोर्ट ने सोशल मीडिया पर पॉपुलर हुई कंचन कुमारी उर्फ कमल भाभी के मर्डर केस में रेडिकल सिख एक्टिविस्ट अमृतपाल सिंह मेहरो को भगोड़ा घोषित कर दिया है। कोर्ट ने मेहरो को बार-बार समन भेजे थे, लेकिन इसके बावजूद वह पेश नहीं हुए, जिसके बाद उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक, अमृतपाल सिंह मेहरो मर्डर को अंजाम देने के बाद देश छोड़कर भाग गया था और माना जा रहा है कि वह इस समय यूनाइटेड अरब अमीरात (UAE) में छिपा हुआ है।



मेहरो को पुलिस ने इस केस में मुख्य आरोपी बनाया है और वह ह्यकौम दे रखेह्र नाम के एक रेडिकल ग्रुप को लीड करता है। बठिंडा से भागे आरोपी रंजीत सिंह को पुलिस ने दो दिन पहले गिरफ्तार किया था। इस केस में मेहरो के साथी जसप्रीत सिंह और निमरजीत सिंह भी आरोपी हैं। जसप्रीत सिंह और निमरजीत सिंह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के मुताबिक, 9 और 10 जून की रात को उन्होंने कंचन कुमारी की गला घोंटकर हत्या कर दी। बाद में, उसकी लाश बठिंडा के भुच्चो इलाके में मौजूद आदेश मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल की पार्किंग में फेंक दी। अगले दिन लाश मिली, जिसके बाद केस दर्ज किया गया।

## बठिंडा प्रीमियर लीग का 15 फरवरी को होगा भव्य आगाज



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/10 फरवरी। नशों को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से पंजाब की आप सरकार द्वारा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई में चलाई जा रही युद्ध नशेयां विरुद्ध मुहिम के तहत बठिंडा मेयर पदमजीत सिंह मेहता ने एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक पहल की है। शहर के नौजवानों को खेलों से जोड़ने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने के लिए बठिंडा प्रीमियर लीग बी.पी.ऐल. 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस बहुप्रतीक्षित क्रिकेट लीग का शुभारंभ 15 फरवरी को कॉप्स क्लब, पुलिस लाइन ग्राउंड में होगा। बी.पी.ऐल. 2026 के पहले ही दिन दर्शकों को जबरदस्त रोमांच देखने को मिलेगा, जब मेयर वार्ड नंबर 48 और वार्ड नंबर 9 की टीमें आमने-सामने होंगी और चौकों-छक्कों की बरसात से मैदान गूंज उठेगा। मेयर पदमजीत सिंह मेहता ने बताया कि बठिंडा के इतिहास में पहली बार 50 वार्डों की 50 टीमें इस प्रीमियर लीग में हिस्सा ले रही हैं। यह टूर्नामेंट शहर के युवाओं के लिए क्रिकेट का एक बड़ा और सशक्त मंच साबित होगा, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। हर शनिवार और रविवार को 8-8 मैच खेले जाएंगे। सभी मुकाबले पूल सिस्टम के तहत होंगे। प्रत्येक पूल में 5-5 टीमें होंगी और हर टीम अपने पूल की अन्य टीमों के साथ 4-4 मैच खेलेगी। सभी मुकाबले बी.पी.एल. 20-20 प्रारूप में आयोजित किए जाएंगे।



Kirti Suresh

# दिव्या पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस एक दिवसीय कैंप आयोजित

## मुख्य अतिथि रहे चंडीगढ़ नगर निगम के पूर्व मेयर दवेश मौदगिल

चंडीगढ़, यूटर्न, 10 फरवरी। सेक्टर-44डी स्थित सीबीएसई से संबद्ध दिव्या पब्लिक स्कूल में 10 फरवरी 2026 को इंटर हाउस एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में गतिविधि आधारित सीख के माध्यम से रचनात्मकता, सहयोग और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं निर्णायक चंडीगढ़ नगर निगम के पूर्व मेयर दवेश मौदगिल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन कौशल विकसित करने और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

कैंप के दौरान मनोरंजक खेल, रचनात्मक कला सत्र, समूह गतिविधियां और इंटरैक्टिव लर्निंग मॉड्यूल आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक कौशल, शारीरिक फिटनेस और सहयोग की भावना




को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश कमल ने विद्यार्थियों द्वारा कैंप के सफल आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में जिम्मेदारी और आत्मनिर्भरता का भाव विकसित करते हैं। प्रतियोगिताओं में नीलगिरि हाउस को सर्वश्रेष्ठ हाउस घोषित किया गया।

# घरेलू कम्पोस्टिंग जागरूकता कार्यशाला के माध्यम से एमसी चंडीगढ़ ने गीले कचरे के प्रबंधन को दिया बढ़ावा

चंडीगढ़, यूटर्न, 10 फरवरी। चंडीगढ़ नगर निगम (एमसी) की ओर से मंगलवार को सेक्टर-40अ स्थित सामुदायिक केंद्र में होम कम्पोस्टिंग पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य घरों में उत्पन्न होने वाले गीले कचरे के प्रबंधन को बढ़ावा देना और नागरिकों को स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा, ताकि शहर को स्वच्छ और हरित बनाया जा सके।

इस कार्यशाला में नागरिकों को घरेलू स्तर पर गीले कचरे को खाद



में बदलने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इससे कचरा संग्रहण प्रणाली और लैंडफिल साइटों पर पड़ने वाले बोझ को कम करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में नगर निगम स्पेशल कमिशनर प्रदीप कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद गुरबक्स रावत तथा संयुक्त आयुक्त हिमांशु गुप्ता भी मौजूद रहे।

आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों ने कार्यशाला में भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्वच्छता, कचरा पृथक्करण और घरेलू कम्पोस्टिंग के व्यावहारिक तरीकों पर सक्रिय चर्चा की। विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं प्रभावी कम्पोस्टिंग तकनीकों का प्रदर्शन किया गया, जिससे नागरिकों को अपने घरों में इसे अपनाने के लिए प्रेरणा मिली। सभा को संबोधित करते हुए विशेष आयुक्त प्रदीप कुमार ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के लक्ष्यों को प्राप्त करने में नागरिकों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से स्रोत पर ही कचरा अलग-अलग करने और घरेलू कम्पोस्टिंग अपनाने की अपील की, ताकि चंडीगढ़ को स्वच्छ और हरित बनाया जा सके।

# डॉक्यूमेंट्री फिल्म ड्रीम लाइफ का टैगोर थिएटर में प्रीमियर, स्लो लिविंग की हकीकत को किया उजागर

चंडीगढ़, यूटर्न, 10 फरवरी। निर्देशक भव्य छाबड़ा की डॉक्यूमेंट्री फि ल्म ड्रीम लाइफ का प्रीमियर मंगलवार को टैगोर थिएटर मिनी ऑडिटोरियम, चंडीगढ़ में हुआ। कार्यक्रम में छात्रों, रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े लोगों और आम दर्शकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। हिमाचल प्रदेश के बीड़ में फि ल्माई गई 35 मिनट की यह ऑब्जर्वेशनल और नैरेटिव डॉक्यूमेंट्री वास्तुकार दंपती सन्नत और सान्या की कहानी को दर्शाती है, जिन्होंने शहर की भागदौड़ छोड़कर पहाड़ी कस्बे में एक शांत, सोच-समझकर चुनी गई जीवनशैली अपनाने का निर्णय लिया। फि ल्म उनके सरल और सजग जीवन के प्रयासों को सामने लाती है और यह सवाल उठाती है कि जब ड्रीम







लाइफ कल्पना से निकलकर वास्तविक जीवन में आती है, तो उसका स्वरूप कैसा होता है। फि ल्म की शूटिंग वर्ष 2023 में की गई थी, जबकि इसके संपादन में अगले दो वर्षों का समय लगा। भाव्या छाबड़ा एक फ्रीलांस डॉक्यूमेंट्री फि ल्ममेकर हैं, जिनका काम दृश्यात्मक, चरित्र-केंद्रित कहानी कहने पर आधारित है। उनकी फि ल्में आम लोगों के आंतरिक संसार, जीवन-दर्शन और रोजमर्रा के अनुभवों को उजागर करती हैं।

# वॉर्ड-7 में गंदे पानी को लेकर कांग्रेस का बड़ा ऐलान, पार्षद कार्यालय के बाहर होगा पुतला दहन



चंडीगढ़, यूटर्न, 10 फरवरी। वॉर्ड नंबर-7 में लंबे समय से चली आ रही गंदे पानी की गंभीर समस्या को लेकर कांग्रेस पार्टी ने बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि इलाके में सप्लाई हो रहा दूषित पानी अब जानलेवा बन चुका है और हालात इतने भयावह हो गए हैं कि लोगों की जिंदगी खतरे में पड़ गई है। इसी गंदे पानी के सेवन से एक 8 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो जाने का दावा करते हुए कांग्रेस ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को कठघरे में खड़ा किया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि गंदे पानी की समस्या के समाधान की सीधी जिम्मेदारी मौजूदा वॉर्ड नंबर-7 के भाजपा पार्षद और चंडीगढ़ के मेयर की बनती है, लेकिन बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पार्टी का आरोप है कि लापरवाही के चलते आज पूरा इलाका स्वास्थ्य संकट से जूझ रहा है।

इसी के विरोध में कांग्रेस पार्टी वॉर्ड-7 के सभी पदाधिकारियों ने बैठक कर 11 फरवरी 2026 को दोपहर 2 बजे जोरदार प्रदर्शन का फैसला लिया है। यह प्रदर्शन शीशम वाली रोड पर कमेटी सेंटर के सामने आयोजित किया जाएगा, जहां पूरी कॉलोनी की जनता को साथ लेकर पार्षद कार्यालय के बाहर पार्षद का पुतला दहन किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन केवल एक बच्ची की मौत का विरोध नहीं, बल्कि वॉर्ड-7 के हजारों लोगों के जीवन और स्वास्थ्य की लड़ाई है। यदि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने अब भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कांग्रेस ने वॉर्ड की जनता से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होकर गंदे पानी के खिलाफ आवाज बुलंद करें और जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह बनाएं।

# 4 ग्राम सफेद नशीला पदार्थ सहित युवक काबू, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 10 फरवरी। थाना जीरकपुर के अधीन पुलिस चौकी बलटाना की टीम ने नाका बंदी और गश्त के दौरान एक युवक को 4 ग्राम सफेद नशीले पदार्थ सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी देते हुए सब-इंस्पेक्टर सुलखन सिंह ने बताया कि दिनांक 9-2-2026 को शाम लगभग 6:40 बजे वे मुख्य सहायक पुलिस अधिकारी रमनदीप सिंह और गुरपाल सिंह के साथ वेलवेट क्लार्क होटल, बलटाना के पीछे कच्चे रास्ते पर नाका बंदी कर पैदल गश्त कर रहे थे। इस दौरान एक युवक गंदी नाली की ओर से पैदल आता दिखाई दिया, जिसके दाहिने हाथ में मोम का लिफाफा था। पुलिस दल को देखकर वह घबराकर वापस मुड़ने लगा। शक होने पर पुलिस टीम ने उसका पीछा कर उसे काबू कर लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम फतेह सिंह निवासी गांव नाभा साहिब, जीरकपुर बताया। उसके हाथ में पकड़े मोम के लिफाफे के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब न देने पर मादक पदार्थ होने का संदेह हुआ। तलाशी के दौरान मोम के लिफाफे से सफेद रंग का नशीला पदार्थ बरामद हुआ, जिसका वजन 4 ग्राम पाया गया। बरामद पदार्थ को सील (एसएस) लगाकर कब्जे में लिया गया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 61, 85 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की जांच जारी है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372